# कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

## प्रेस नोट

**दिनांक-04.05.2025**

**विषय:- चोरी के मुकदमें में वांछित अभियुक्त आकाश सिंह थाना लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार, चोरी के 07 अदद सोलर पैनल्स बरामद।**

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी द्वारा अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम तथा चोरी/लूट/नकबजनी की घटनाओं के अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन में, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कैन्ट के कुशल नेतृत्व में, थाना लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस टीम द्वारा **"ऑपरेशन चक्रव्यूह"** के तहत मुखबिर की सूचना पर मु0अ0स0 -112/2025 धारा 305(a) बी0एन0एस0 से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त आकाश सिंह पुत्र अजय कुमार सिंह निवासी रामगांव पलहीपट्टी थाना चोलापुर जनपद वाराणसी को आज दिनांक 04.05.2025 को रिंग रोड ऐढ़े के पास से चोरी की 07 अदद सोलर पैनल्स के साथ समय 00.11 बजे गिरफ्तार किया गया । उक्त गिरफ्तारी/बरादमगी के आधार पर थाना लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस द्वारा अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**घटना का विवरण-** दिनांक 26/04/2025 को वादी मुकदमा ने कम्पनी में नियुक्त कर्मचारी आकाश सिंह द्वारा 18 सोलर पैनल्स चोरी कर लेने के संबंध में लिखित प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना लालपुर पाण्डेयपुर में सुसंगत धाराओं में पंजीकृत किया गया, जिसकी विवेचना उ0नि0 अभिषेक कुमार प्रजापति द्वारा संपादित की जा रही है ।

**पूछताछ का विवरण-** अभियुक्त आकाश सिंह ने पूछताछ करने पर बताया कि मेरे द्वारा AEW Smart service pvt ltd पाण्डेयपुर से 18 सोलर पैनल्स चोरी किये गये थे जिसमें से 11 सोलर पैनल्स मैं बेंच चुका हूँ और उससे प्राप्त रुपयों को मैनें खर्च कर दिया है, बाकी बचे 07 सोलर पैनल्स को आज बेचनें जा रहा था और पकड़ लिया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

आकाश सिंह पुत्र अजय कुमार सिंह निवासी रामगांव पलहीपट्टी थाना चोलापुर जनपद वाराणसी, उम्र करीब 24 ।

**गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय-**

रिंग रोड ऐढ़े के पास से, दिनांक-04.05.2025 को समय 00.11 बजे।

**बरामदगी का विवरण-**

चोरी के कुल 07 अदद सोलर पैनल्स।

**<u>आपराधिक इतिहास-</u>**

मु0अ0स0 112/2025 धारा – धारा 305(a) / 317(2) बीएनएस थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी

**<u>गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-</u>**

1. प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार सिंह थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 अभिषेक कुमार थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
3. का0 विरेन्द्र कुमार थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
4. का0 दिलीप कुमार थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।




**सोशल मीडिया सेल**
**पुलिस उपायुक्त**
**वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी**